अमर उजाला 14/12/2025

क्विज प्रतियोगिता में भूमिका अग्रवाल प्रथम

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की ओर से सीसिल कॉन्वेंट स्कूल में उपभोक्ता संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत उपभोक्ता जागरूकता व्याख्यान एवं क्विज प्रतियोगिता कराई गई।

क्विज प्रतियोगिता में सीसिल कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने सहभागिता प्रदर्शित की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भूमिका अग्रवाल ने प्रथम स्थान, अर्शनूर सिंह ने द्वितीय स्थान और निर्भय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सफल आयोजन के लिए संयोजिका सहायक प्राध्यापक गीति बिंद्रा, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग और सह-प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र कुमार कुंडू को बधाई दी। संवाद